# *Delhi Public School, Howrah*

**PERIODIC ASSESSMENT-I (2024-2025)**
**Class-IX**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**SUBJECT: HINDI (2ND LANGUAGE)**

**अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट** **कुल अंक- 40**

**सामान्य निर्देश :-**

**I. इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।**

**II.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**III. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।**

## (खंड-क, अपठित गद्यांश)

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1X5=5**

तिलक ने हमें स्वराज का सपना दिया और गांधी ने उस सपने को दलितों और स्त्रियों से जोड़कर एक ठोस सामाजिक अवधारणा के रूप में देश के सामने ला रखा। स्वतंत्रता के उपरांत बड़े-बड़े कारखाने खोले गए, वैज्ञानिक विकास भी हूआ, बड़ी-बड़ी योजनाएँ भी बनीं, किंतु गांधीवादी मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सीमित होती चली गई। दुर्भाग्य से गांधी के बाद गांधीवाद को कोई ऐसा व्याख्याकार न मिला, जो राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक संदर्भों में गांधी की सोच की समसामयिक व्याख्या करता। सो यह विचार लोगों में घर करता चला गया कि गांधीवादी विकास का मॉडल धीमे चलने वाला और तकनीकी प्रगति से विमुख है। उस पर ध्यान देने से हम आधुनिक वैज्ञानिक युग की दौड़ में पिछड़ जाएँगे। कहना न होगा कि कुछ लोगों की पाखंडी जीवन-शैली ने भी इस धारणा को और पुष्ट किया। इसका परिणाम यह हुआ कि देश में बुनियादी तकनीकी और औद्योगिक प्रगति तो आई, पर देश के सामाजिक और वैचारिक-ढाँचे में ज़रूरी बदलाव नहीं लाए गए। सो तकनीकी विकास ने समाज में व्याप्त व्यापक फटेहाली, धार्मिक कूपमंडूकता और जातिवाद को नहीं मिटाया।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I. गांधी ने स्वराज के सपने को सामाजिक अवधारणा का रूप कैसे दिया ?**

(क) ब्रिटिश शासकों की नीतियों के विरोध द्वारा

(ख) देश के महिला वर्ग और दलितों से जोड़कर

(ग) विदेशी शासन के विरुद्ध असहयोग आंदोलन द्वारा

(घ) अपने सत्याग्रहों से समाज में चेतना जगाकर

**II. गांधीवादी मूल्य स्वतंत्रता के उपरांत आकर्षण का केंद्र-बिंदु क्यों नहीं बन सके ?**

(क) बड़े-बड़े उद्योगों के प्रति आकर्षण के कारण

(ख) समयानुरूप वैज्ञानिक क्षमता के विकास के कारण

(ग) गांधीवाद की समयानुकूल व्याख्या न होने के कारण

(घ) पंचवर्षीय योजनाओं के कार्यान्वयन के कारण

**III. गांधीवाद की व्याख्या के अभाव में उसके विषय में धारणा बनी कि वह-**

(क) वैज्ञानिक विकास का विरोधी है

(ख) बड़े उद्योगों की स्थापना का समर्थक नहीं है

(ग) शिथिल है और तकनीकी विकास में बाधक है

(घ) पंचवर्षीय योजनाओं का पक्षधर नहीं है

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

**IV. गांधीवादी मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कैसी होती चली गई?**

**V. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।**

## अपठित काव्यांश

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1X5=5**

हम जंग न होने देंगे !
विश्वशांति के हम साधक हैं,
जंग न होने देंगे।
कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फलेगी,
खलिहानों में नहीं मौत की फसल खिलेगी,
आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा,
ऐटम से फिर नागासाकी नहीं जलेगी
युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे!
हथियारों के ढेरों पर जिनका है डेरा,

मुँह में शांति, बगल में बम, धोखे का फेरा,
कफ़न बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर,
दुनिया जान गई है उनका असली चेहरा,
कामयाब हों उनकी चालें, ढंग न होने देंगे !
हमें चाहिए शांति, ज़िंदगी हमको प्यारी,
हमें चाहिए शांति, सृजन की है तैयारी,
हमने छेड़ी जंग भूख से, बीमारी से,
आगे आकर हाथ बँटाए दुनिया सारी,
हरी-भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे !

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I. कवि किस स्वप्न को नहीं टूटने देना चाहता?**

(क) संसार की संपन्नता का स्वप्न
(ख) विश्वशांति का स्वप्न
(ग) युद्धरहित संसार का स्वप्न
(घ) पारस्परिक श्रेष्ठता का स्वप्न

**II. 'खलिहानों में नहीं मौत की फ़सल खिलेगी' का तात्पर्य है-**

(क) युद्ध के कारण फ़सल नष्ट नहीं होगी
(ख) युद्ध अपार जनसंहार का कारण नहीं बनेगा
(ग) खेतों में मृत व्यक्तियों के शव नहीं दिखाई देंगे
(घ) खेती करने वाला मौत का शिकार नहीं बनेगा

**III. कवि ने 'कफ़न बेचने वाले' उन देशों को कहा है, जो-**

(क) युद्ध के रूप में शक्ति-प्रदर्शन करते हैं
(ख) घातक अस्त्र-शस्त्रों के सौदागर हैं
(ग) शक्ति के आधार पर नरसंहार करते हैं
(घ) अशांति और अव्यवस्था में विश्वास रखते हैं

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

**IV. कवि के अनुसार आसमान फिर कभी क्या नहीं उगलेगा ?**

**V. कवि किसका साधक है?**

## (<u>खंड-ख, व्याकरण</u>)

**3. निर्देशानुसार वाक्य-परिवर्तन कीजिए-** **1X4=4**

क) मोहन विद्यालय नहीं जाएगा। (प्रश्नवाचक वाक्य में)
ख) वाह! कितना सुंदर मौसम है। (विधानवाचक वाक्य में)
ग) गीता घर में है। (संदेहवाचक वाक्य में)
घ) कठिन परिश्रम से परीक्षा में अंक मिलते हैं। (संकेतवाचक वाक्य में)

**4. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय एवं मूल शब्द लिखिए-** **1X2=2**

| | **प्रत्यय** | **मूल शब्द** |
|---|---|---|
| क) लिखाई - | | |
| ख) भ्रांतिमान - | | |

**5. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए-** **1X2=2**

| | **उपसर्ग** | **मूल शब्द** |
|---|---|---|
| क) अपकीर्ति - | | |
| ख) प्रतिवेदन - | | |

## (<u>खंड-ग, पाठयपुस्तक</u>)

**6. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

क) कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभरकर आए हैं?

ख) 'लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूल जाते हो।' हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचन्द के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

ग) भारतीय और तिब्बती महिलाओं की सामाजिक स्थिति में क्या अन्तर है?

**7. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

क) कबीर ने 'संत सुजान' किसे कहा है?

ख) किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

ग) 'ललद्यद के वाख साम्प्रदायिक सद्भाव उत्पन्न करते हैं।' आप इस तर्क से सहमत हैं या नहीं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**8. पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किन्हीं <u>एक</u> के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 4X1=4**

क) 'लेखक का जीवन समाज-सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा है।' इस जल प्रलय में पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख) बाढ़ आने पर भी कुछ लोगों का व्यवहार अनुचित था। 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर बताइए।

## (<u>खंड-घ, रचनात्मक लेखन</u>)

**9. आपने बंगलौर में रहने वाले अपने मित्र को जन्मदिन का उपहार स्पीड पोस्ट से भेजा, जो उसे नहीं मिला। इस संबंध में डाक अधीक्षक को एक शिकायती पत्र लिखिए। 5X1=5**

**अथवा**

**प्रायः अस्वस्थ रहने वाली छोटी बहन को पत्र लिखकर उसके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कीजिए और उसे स्वस्थ रहने के कुछ उपयोगी सुझाव भी दीजिए।**

**10. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-** **5X1=5**

**क) निजी जीवन में मीडिया की घुसपैठ**

**संकेत बिंदु-** भूमिका, संचार के साधन, प्रिंट मीडिया और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया से लाभ, मीडिया का निजी जीवन में हस्तक्षेप, मीडिया की स्वतंत्रता, मीडिया का हर वर्ग पर प्रभाव, सरकार द्वारा अंकुश आवश्यक, निष्कर्ष ।

**ख) सफलता का रहस्य**

**संकेत बिंदु -** मानव सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ रचना, सफलता का आधार - इच्छाशक्ति, इच्छाशक्ति का तात्पर्य, इच्छाशक्ति से चुनौतियों का सामना, आशावादी दृष्टिकोण, कर्म की प्रधानता, आलस्य का त्याग, निष्कर्ष ।

**ग) युवा-पीढ़ी के समक्ष चुनौतियाँ**

**संकेत बिंदु-** भूमिका, युवावस्था में शक्ति व उत्साह, देश की वर्तमान स्थिति, युवा पीढ़ी के समाने चुनौतियाँ, राष्ट्रीय एकता की रक्षा, मादक द्रव्यों का निषेध, बेरोज़गारी व भ्रष्टाचार, युवा पीढ़ी में बढ़ता असंतोष, निष्कर्ष ।